उत्तराखण्ड शासन

टेलीफोन : 0135–2781201
ईमेल आई: info@ukmc.in

उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
शहीद भगत सिंह कालोनी, अधोईवाला, देहरादून।

पत्र संख्या 879 / उ.अ.आ. / 09–जनजानकारी अभि. / नैनीताल / 2023–24 दिनांक 07 अक्टूबर 2023

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद–**नैनीताल।**

विषयः– **श्री मज़हर नईम नवाब (राज्य मंत्री स्तर), मा0 उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को सर्किट हाउस, हल्द्वानी में प्रस्तावित समीक्षा बैठक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के क्रम में श्री मज़हर नईम नवाब, मा0 उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून द्वारा ***दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को पूर्वाह्न 11:00*** बजे ***जनपद नैनीताल के काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार*** में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में ***"जन–जानकारी अभियान"*** कार्यक्रम के तहत विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल, उप जिलाधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी, पुलिस विभाग से एस.पी. ग्रमीण/सिटी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नैनीताल, जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है:– इसके अतिरिक्त निम्न विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को भी बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है:–

1.	पुलिस विभाग।	2.	शिक्षा विभाग।	3.	चिकित्सा विभाग।
4.	विद्युत विभाग।	5.	नगर निगम/नगरपालिका/नगर पंचायत	6.	अग्रणी बैंक।
7.	पेयजल/जल संस्थान।	8.	पंचायती राज।	9.	श्रम विभाग।
10.	सेवायोजन विभाग।	11.	वन विभाग।	12.	राजस्व विभाग।
13.	अर्थ एवं संख्या विभाग।	14.	जिला विकास कार्यक्रम विभाग।	15.	कृषि विभाग।
16.	उद्यान विभाग।	17.	समाज कल्याण विभाग।	18.	मत्सय विभाग।
19.	डेरी विभाग/दुग्ध विभाग।	20.	सूचना विभाग।	21.	उद्योग विभाग।
22.	खादी ग्रामोद्योग विभाग।	23.	पशुपालन विभाग।	24.	परिवहन विभाग।
25.	जिला युवा कल्याण विभाग।	26.	अल्पसंख्यक कल्याण विभाग।	27.	खाद्यान विभाग।
28.	निर्माण से संबंधित समस्त कार्यदायी संस्था।	29.	पर्यटन विभाग		

अतः उक्त के क्रम में कृपया जनपद नैनीताल के काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार को उक्त प्रस्तावित समीक्षा बैठक हेतु आरक्षित कराने के साथ–साथ अपने स्तर से उक्त समस्त विभागीय अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से अपने–अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की सूचनाएं एवं उनके विभाग द्वारा संबंधित योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय को लाभान्वित किये जाने से संबंधित सूची/सूचनाओं सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। इसके साथ ही विभागीय स्तर पर जन–जानकारी के अन्तर्गत ग्राम के अन्तिम छोर तक आम जन–मानस को दी गयी जानकारी का विवरण भी उपलब्ध करायेगें।

आज्ञा से,

(जे.एस.रावत)
सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
देहरादून।

पृष्ठाकंन संख्या 879 एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वैयक्तिक सहायक, मा0 अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. श्री मज़हर नईम नवाब, मा0 उपाध्यक्ष महोदय को आपके द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उक्तानुसार प्रेषित।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
4. जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त जन–जानकारी अभियान बैठक को सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराते हुए उपरोक्तानुसार मीडिया बन्धुओं को प्रेस वार्ता में आने हेतु अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
5. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि कृपंया उक्त बैठक के सफल संचालन हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था करने व सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त मा0 आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
देहरादून।